वार्षिक

रिपोर्ट 2015-16

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण

ए-13, सैक्टर-1, नौएडा-201 301, जिला-गौतमबुद्धनगर (उ०प्र०)

वार्षिक रिपोर्ट

2015–2016

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण

पोत परिवहन मंत्रालय

मुख्यालय : ए–13, सैक्टर–1, नौएडा–201 301 जिला– गौतमबुद्धनगर (उ0 प्र0)
दूरभाष सं0 : 0120–2544036, 2543972 ; फैक्स सं0 0120–2543973, 2521764
ई–मेल : iwainoi@nic.in,वेबसाइट : www.iwai.nic.in

प्राधिकरण के सदस्य (2015–16 के दौरान)

		दूरभाष सं.	फैक्स सं.
अध्यक्ष	**श्री अमिताभ वर्मा,** भा. प्र. से.	0120–2543972	0120–2543973
सदस्य	**डा.श्रीमती टी. कुमार,** भा. प्र. से. विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं पोत परिवहन मंत्रालय (16.11.2012 से 31.08.2015 तक)	011–23710140	011–23715195
	श्री संजीव रंजन, अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं पोत परिवहन मंत्रालय (31.08.2015 से)	011–23710140	011–23715195
सदस्य	**अध्यक्ष,** कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट कोलकाता	033–22205370	033–22208226
सदस्य	**श्री सी. बी. सिंह** सलाहकार, पोत परिवहन मंत्रालय (05.05.2012 से 25.09.2015 तक)	011–23716619	011–23350648
सदस्य	**श्री आर. के. अग्रवाल,** संयुक्त सचिव, पोत परिवहन मंत्रालय (09.05.2015 तक)		
सदस्य	**श्री रजत सच्चर,** सलाहकार, पोत परिवहन मंत्रालय (14.12.2015 से)	011–23716619	011–23350648
सदस्य	**श्री प्रवीर पाण्डेय,** भा.ले.प. एवं ले.से. सदस्य (वित्त), भा. अ. ज. प्रा. (22.02.2016 तक) उपाध्यक्ष, भा. अ. ज. प्रा. (23.02.2016 से)	0120–2544004	0120–2543976
सदस्य	**श्री आर. पी. खरे,** सदस्य (तकनीकी), भा. अ. ज. प्रा. (31.01.2016 तक)	0120–2521664	0120–2544041

अन्य विवरण

		दूरभाष सं.
सचिव	श्रीमती त. साई अमूथा देवी, भा.डा.एवं तार, वि. एवं ले.से.	0120–2544036
अंकेक्षक	भारत के लेखा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक	011–23235793
बैंकर्स	सिंडीकेट बैंक परिवहन भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001	011–23717573
	सिंडीकेट बैंक सैक्टर–18, नौएडा–201301	0120–2514381
	केनरा बैंक सैक्टर–1, नौएडा–201301	0120–2529163
	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सैक्टर–2, नौएडा–201 301	0120–2511426

क्षेत्रीय कार्यालय

	दूरभाष सं.	फैक्स सं.
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण गायघाट, पोस्ट– गुलजारबाग, पटना–800007 (बिहार)	0612–2310026 0612–2310057 0612–2310028 0612–2310067 0612–2630100 (टर्मिनल)	0612–2310029
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण पी–78, गार्डन रीच रोड, कोलकाता– 700043(पश्चिम बंगाल)	033–24390393 033–24395577 033–24396055	033–24395570 033–24391710
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण पांडु पोर्ट काम्प्लैक्स, पांडु, गुवाहाटी– 781012 (असम)	0361–2570109 0361–2676925 0361–2676927 0361–2676929	0361–2570099 0361–2570055
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण राष्ट्रीय जलमार्ग रोड, एन0 एच0 47 बाइपास, कन्नाडिकाडू मरदू, एर्नाकुलम – 682304 (केरल)	0484–2295064 0484–2389804	0484–2389445

उप–कार्यालय / ईकाई

	दूरभाष सं.	फैक्स सं.
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण 360 / एफ / 44, नवाब यूसुफ रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद– 211 006 (उ0 प्र0)	0532–2561151 0532–2560537	0532–2561152
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण 52, द्वितीय तल, पटेल नगर, नदेसर, वाराणसी – 221 002 (उ0 प्र0)	0542–2505329	0542–2505329
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण नवीन गांगुली रोड, दुर्गा स्थान (मंदिर घाट), बड़ी खंजरपुर, भागलपुर –821 001 (बिहार)	0641–2400651	0641–2400651
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ऑफिस बिल्डिंग संख्या–1, एफबीपी ऑफिस काम्प्लैक्स, पी0 ओ0– फरक्का बैरेज, जिला–मुर्शिदाबाद–742 212 (पश्चिम बंगाल)	03485–255809	03485–255809
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण फकीरतला, पी0 ओ0–महेशगंज, स्वरूपगंज, नादिया –741 315 (पश्चिम बंगाल)	09830508079	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण दुर्गाबाड़ी रोड टिनियाली, ए. टी. रोड, नालियापूल, डिब्रूगढ़ – 786 001 (असम)	0373–2302540	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण धुब्री टर्मिनल, फ्री इंडिया घाट, धुब्री–786 005	0366–2298111	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण आई.डब्लू.टी. टर्मिनल सह ऑफिस कॉम्प्लेक्स, आश्रमम, नियर ईएसआई हॉस्पीटल, कोल्लम–691 002	0474–2766460	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण परिसर सं.–191, प्रथम तल, बाया बाबा मठ लेन, यूनिट नं. 9, राधे कृष्णा मंदिर के निकट, भुवनेश्वर–751 022 (ओडिशा)	09437034763	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण आईडब्लूएआईसब ऑफिस, भूतल, ब्लॉक– I, सिंचाई कार्यालय कॉम्प्लेक्स, गवर्नरपेट, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश– 520002	0866–2575123	

विषयसूची

1. अन्तर्देशीय जल परिवहन (अ.ज.प.) क्षेत्र– सामान्य सूचना 6
2. भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भा.अ.ज.प्रा.) की भूमिका 6
3. राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास 7
4. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)–1 7
5. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)–2 15
6. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)–3 20
7. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)–4 और 5 24
8. पारगमन और व्यापार पर भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल 25
9. जलीय सर्वेक्षण कार्यकलाप 26
10. राष्ट्रीय अन्तर्देशीय नौवहन संस्थान (निनी), पटना 40
11. 111 नए राष्ट्रीय जलमार्ग 43
12. भारत–म्यांमार कालादान मल्टीमॉडल पारगमन परिवहन परियोजना 44
13. वर्ष के दौरान कार्गो की ढुलाई का विवरण 47
14. जलमार्ग विकास परियोजना 48
15. वित्तीय निष्पादन 58
16. प्राधिकरण में संघ सरकार की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन 62
17. कार्मिक और प्रशासन 62
18. तुलन पत्र 64
19. आय और व्यय 66
20. चालू दायित्व और प्रावधान 69
21. स्थायी परिसम्पत्तियों की अनुसूची 70
22. चालू परिसम्पत्तियाँ, ऋण एवं अग्रिम 78
23. प्रचालन एवं अनुरक्षण खर्चे 79
24. वेतन और भत्ते एवं अन्य स्टाफ लागतें 81
25. सामान्य एवं अन्य खर्चे 82
26. लेखाओं से संबंधित टिप्पणियाँ 83
27. भा.अ.ज.प्रा. लेखा नीतियाँ 90
28. भा.अ.ज.प्रा. के लेखाओं पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की अंकेक्षण रिपोर्ट 91
29. नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की अंकेक्षण रिपोर्ट में वार्षिक लेखाओं पर की गई टिप्पणियों पर प्रबंधन के उत्तर 94

1. अन्तर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र (अ. ज. प.)–सामान्य सूचना

(i) रेलवे, राजमार्ग, सागर और तटीय नौवहन, अन्तर्देशीय जलमार्ग, पाइपलाइन और वायु मार्ग से बना परिवहन क्षेत्र किसी देश के आर्थिक विकास के लिए अहम अवसंरचना है। एक विकसित परिवहन प्रणाली, मल्टीमॉडल नेटवर्क में, परिवहन की ईष्टतम लागत को मामला दर मामला आधार पर सभी साधनों की शक्तियों का प्रयोग करते हुए संभव बनाती है। इन गलियारों में, लागत प्रभावी, पर्यानुकूल और ईंधन दक्ष परिवहन साधन विशेषकर बल्क कार्गो, खतरनाक कार्गो और बड़े आकार के कार्गो जैसे तीन श्रेणियों के कार्गो की ढुलाई को बढ़ावा देने के लिए तुलनात्मक रूप से बड़े आकार के नौचालन चैनल के साथ अन्तर्देशीय जलमार्गों का विकास किया जा सकता है। कुछ विकसित देशों (जैसे अमेरिका, चीन और अनेक यूरोपीय देशों) में अन्तर्देशीय जल परिवहन (अ.ज.प.) क्षेत्र का हिस्सा भारत की तुलना में काफी अधिक है, जिससे उन देशों की अर्थव्यवस्था में पूरक परिवहन साधन से काफी फायदा हुआ है।

(ii) भारत में अनेक नदियां, नहरें, संकरी खाड़ी और बैकवाटर हैं, जिन्हें लागत प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल अन्तर्देशीय परिवहन साधन के रूप में उपयोग में लाने की काफी संभावनाएं हैं। 20वीं शताब्दी के प्रारंभ तक अन्तर्देशीय जल परिवहन (अ.ज.प.) को देश के विभिन्न भागों में परिवहन के महत्वपूर्ण साधन के रूप में प्रयोग किया गया था। हालांकि, सड़कों और रेलवे के तीव्र विकास देश में औद्योगिक विकास, सहित अनेक कारणों से अन्तर्देशीय जल परिवहन, इत्यादि के अनुरक्षण और विकास पर काफी कम ध्यान दिया गया जिसके कारण अनेक जलमार्ग, रेल और सड़क साधनों की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक रूप से पीछे रह गए। आज भारत में अ.ज.प. क्षेत्र की महत्ता केवल कुछ क्षेत्रों में है जैसे–असम, गोवा, मुम्बई, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, केरल और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ छोटे क्षेत्र ।

(iii) भारत में अ.ज.प. क्षेत्र द्वारा वर्तमान में महसूस की जा रही परेशानियों में नदियों में अपर्याप्त मात्रा में बहाव होने के कारण निश्चित आकार के अ.ज.प. जलयानों के वर्ष भर प्रचालन के लिए आवश्यक गहराई और चौड़ाई वाले अपर्याप्त फेयरवे; कार्गो चढ़ाने और उतारने के लिए टर्मिनल अवसंरचना और उनके सड़क/रेल अवसंरचना के साथ सम्बद्धता; दिवस और रात्रि के दौरान सुरक्षित और निर्विघ्न नौचालन हेतु नौचालन सम्बंधी सहायताएं तथा अ.ज.प. जलयानों की कमी शामिल है। भारी मात्रा में अ.ज.प. आवाजाही हासिल करने के लिए अवसंरचना के सृजन (मुख्यतः सार्वजनिक निधिकरण द्वारा) पर मुख्य रूप से जोर देने के साथ–साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से अ.ज.प. बेरे को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

2. भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भा.अ.ज.प्रा.) की भूमिका

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भा.अ.ज.प्रा.) का गठन 27 अक्तूबर, 1986 को नौवहन और नौचालन के उद्देश्य से अन्तर्देशीय जलमार्गों के विकास और विनियमन के लिए किया गया था, देखें भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 1985।

भा.अ.ज.प्रा. अधिनियम, 1985 की धारा 14 के अनुसार भा.अ.ज.प्रा. को उन जलमार्गों के विकास और विनियमन करने के लिए अधिदेश है, जिन्हें राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया गया है। राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 द्वारा कुल 111 जलमार्गों की घोषणा राष्ट्रीय जलमार्ग के रूप में की गई है।

इसके अलावा, भा.अ.ज.प्रा. भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल के तहत एक देश के अन्तर्देशीय जलयानों को दूसरे देश होकर पारगमन और व्यापार करने के लिए भारतीय सीमा के विनिर्दिष्ट जलमार्गों का भी विकास और अनुरक्षण कर रहा है तथा म्यांमार में कालादान मल्टीमॉडल परियोजना के विकास और अनुरक्षण में विदेश मंत्रालय का सहयोग कर रहा है।

अ.ज.प. क्षेत्र के समग्र विकास में भा.अ.ज.प्रा. की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए इसे पर्यानुकूल, सस्ता और व्यवहार्य परिवहन साधन के रूप में विकसित होने की पूरी संभावना है, जिससे कि व्यापार, वाणिज्य, रोजगार सृजन, पर्यटन, इत्यादि के माध्यम से समाज के असंख्य लोगों की अपेक्षाओं को पूरा किया जा सके।

3. राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास

नौवहन और नौचालन के लिए किसी जलमार्ग को व्यवहार्य बनाने हेतु तीन आधारभूत अवसंरचनाएं–(प) निश्चित आकार के अन्तर्देशीय जलयानों के प्रचालन हेतु पर्याप्त गहराई और चौड़ाई के साथ नौचालन चैनल, (पप) दिवस और रात्रि नौचालन के लिए नौचालन संबंधी सहायताएं और (पपप) सड़क /रेल सम्बद्धता के साथ माल/यात्री को चढ़ाने और उतारने सहित जलयानों की बर्थिंग मुहैया करने के लिए टर्मिनल।

4. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)–1

हल्दिया (सागर) और इलाहाबाद के बीच (1620 कि.मी.) गंगा–भागीरथी–हुगली नदी प्रणाली की घोषणा राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.–1) के रूप में 1986 में की गई थी। तब से भा.अ.ज.प्रा. इसकी नाव्यता और विकास में सुधार के लिए तथा भा.अ.ज.प्रा. अधिनियम, 1985 (1985 का 82) में दी गई नौचालन सम्बंधी सहायताएं और टर्मिनल की सुविधाओं जैसे अन्य अवसंरचना के अनुरक्षण के लिए जलमार्ग पर विभिन्न प्रकार के विकासात्मक कार्य कर रहा है। वर्ष 2015–16 के दौरान रा.ज.–1 पर विकास और फेयरवे का अनुरक्षण, नौचालन सम्बंधी सहायताएं तथा टर्मिनल की सुविधाओं के लिए कराए गए महत्वपूर्ण कार्य के ब्यौरे निम्न हैं :

4.1 फेयरवे विकास :–

रा.ज.–1 पर सुगम और सुरक्षित नौचालन हेतु लक्षित गहराई और चौड़ाई के साथ फेयरवे का विकास/अनुरक्षण किया जाना है। यह कार्य केवल बंडालिंग और ड्रेजिंग जैसे नदी संरक्षण कार्य कराकर तथा रा.ज. –1 के त्रिवेणी–चुनार खण्ड (1226 कि.मी.) में नौचालन सम्बंधी सहायताएं मुहैया कराकर हासिल किया गया है। हल्दिया और त्रिवेणी के बीच का खण्ड (196 कि.मी.) ज्वारीय है तथा 3.0 मीटर से अधिक की न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एलएडी) वार्षिक रूप से अनुरक्षित की जाती है। दिवस चैनल मार्किंग के अतिरिक्त भा.अ.ज.प्रा. चुनार–इलाहाबाद खण्ड में वर्तमान में फेयरवे विकास से सम्बंधित कोई कार्य नहीं कर रहा है क्योंकि जल बहाव की गति निम्न होने के कारण इस खण्ड में बंडालिंग का कार्य काफी प्रभावी नहीं होता है। यातायात पर काफी दबाव पड़ने और जलमार्ग की मांग बढ़ने के कारण रा.ज.–1 के निचले खण्डों में वर्तमान में भा.अ.ज.प्रा. के रा.ज.–1 पर सीमित ड्रेजर हैं। कुछ महत्वपूर्ण विकासात्मक कार्य जो रा.ज.–1 पर प्रगतिपरक है, उसकी सूची निम्न है :

वर्ष 2015–16 के दौरान, रा.ज.–1 के विकास और अनुरक्षण के लिए त्रिवेणी–राजमहल (395 कि.मी.) में 3900 मीटर और राजमहल–चुनार (827 कि.मी.) में 18,000 मीटर बंडालिंग कार्य किए गए। इसके अतिरिक्त, रा.ज.–1 के त्रिवेणी–राजमहल में 2.85 लाख मी^{3} और राजमहल–वाराणसी/चुनार खंड में 2.70 लाख मी.^{3} गाद भा.अ.ज.प्रा. के ड्रेजर द्वारा निकाली गई।

राष्ट्रीय जलमार्ग –1 पर लगाए गए बंडाल

राष्ट्रीय जलमार्ग –1 पर ड्रेजिंग का कार्य प्रगति में

रा.ज.–1 के गाजीपुर–वाराणसी खण्ड में गंगा नदी से हार्ड स्ट्रैटा को हटाने का कार्य वर्तमान में एक संविदा पर रखे गए एजेंसी द्वारा कराया जा रहा है तथा यह कार्य मार्च, 2017 तक पूरा किया जाना है। इस तरह के विशेष कार्य गंगा नदी में पहली बार कराया जा रहा है, जिससे रा.ज.–1 के प्रस्तावित खण्ड में जलयानों का सुगम नौचालन कम वर्षा वाले मौसम में भी किया जा सकेगा।

राष्ट्रीय जलमार्ग –1 पर हार्ड स्ट्रैटा हटाने का कार्य प्रगति में

वर्ष 2015–16 के दौरान रा.ज.–1 के विभिन्न खण्डों में न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एलएडी) का अनुरक्षण निम्न प्रकार से अनुरक्षित किया गया है :–

(क)	हल्दिया–फरक्का खण्ड	(560 कि0 मी0)	–	2.6 मी0 से 3.0 मी0
(ख)	फरक्का–बाढ़ खण्ड	(400 कि0 मी0)	–	2.1 मी0 से 2.5 मी0
(ग)	बाढ़–गाजीपुर खण्ड	(290 कि0 मी0)	–	1.6 मी0 से 2.0 मी0
(घ)	गाजीपुर–चुनार/इलाहाबाद	(370[1] कि0 मी0)	–	1.1 मी0 से 1.5 मी0

[1] चुनार–इलाहाबाद खण्ड (198 कि.मी.) में किसी प्रकार का नदी संरक्षण कार्य नहीं किया गया।

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 होकर सैंड हेड्स (बंगाल की खाड़ी) से फरक्का तक एनटीपीसी के विद्युत संयंत्र हेतु कोयले की ढुलाई नवंबर, 2013 से की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान मेसर्स जिंदल आईटीएफ लि. द्वारा लगभग 1500 एमटी से 2000 एमटी क्षमता के 20 बार्जों के प्रयोग से लगभग 7.16 लाख टन कोयले की ढुलाई सफलतापूर्वक की गई है।

आयातित कोयले की ढुलाई

रा.ज.–1 होकर एनटीपीसी फरक्का के लिए कोयले की ढुलाई

रा.ज.–1 पर एनटीपीसी फरक्का में कोयले को उतारना

रा.ज.–1 पर ओडीसी ढुलाई

भा.अ.ज.प्रा. की रणनीतिक पहल के कारण अ.ज.प. साधन द्वारा कार्गो की ढुलाई में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका उदाहरण कार्गो की प्रकृति और आयतन में वृद्धि होना है और जिसमें राष्ट्रीय जलमार्ग–1 होकर वृहत आकार के कार्गो (ओडीसी) और अन्य कार्गो की ढुलाई शामिल है। राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर और राष्ट्रीय जलमार्ग–1 होकर भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग पर विगत् पाँच वर्षों में हुई ढुलाई के विवरण निम्न हैं :–



4.3 पर्यटन विकास :

अन्तर्देशीय पर्यटक जलयान– मेसर्स हरिटेज रिवर क्रूज प्रा. लि. के आरवी बंगाल गंगा, गंगा वोएजर–1 और गंगा वोएजर–2, मेसर्स असम बंगाल नेविगेशन कंपनी प्रा. लि. के एवीएन राजमहल तथा मेसर्स विवादा इन्लैंड वाटरवेज लि. के एमवी परमहंस अनेक वर्षों से पश्चिम बंगाल, झारखण्ड और बिहार राज्य के रा.ज.–1 पर चल रहे हैं।

विदेशी पर्यटकों के साथ इन जलयानों का प्रचालन वर्ष 2015–16 के दौरान निश्चित समय सीमा के अनुसार सफलतापूर्वक किया गया।

रा.ज.–1 पर पर्यटक जलयान आरवी बंगाल गंगा

रा.ज.–1 पर पर्यटक जलयान गंगा वोयाजर–।

रा.ज.–1 पर पर्यटक जलयान एबीएन राजमहल

रा.ज.–1 पर पर्यटक जलयान एमवी परमहंस

4.4 टर्मिनल सुविधाएं :

निम्नतल और उच्चतल जेट्टियाँ पटना (बिहार) में क्रमशः 2008 और 2012 से प्रचालन में हैं, जो इस टर्मिनल पर बंकरिंग और भंडारण सुविधा के साथ यांत्रिक कार्गो हैंडलिंग करने में सक्षम है।

गायघाट, पटना में निम्नतल और उच्चतल जेट्टी का दृश्य

सामान्य कार्गो की हैंडलिंग के लिए नवंबर, 2013 से जीआर जेट्टी–2, कोलकाता में एक स्थाई टर्मिनल प्रचालन में है।

जीआर जेट्टी–2, कोलकाता में स्थाई टर्मिनल

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर फरक्का और पाकुड़ में स्थाई जेट्टियाँ पहले से ही विद्यमान हैं, जो ट्रांसपोर्टर/शिपर इत्यादि द्वारा प्रयोग की जा रही हैं।

इसके अलावा, रा.ज.–1 पर हल्दिया–इलाहाबाद खण्ड के बीच 20 स्थलों पर फ्लोटिंग टर्मिनलें प्रचालन में हैं, जिनका उपयोग जलयानों को बर्थिंग देने, लॉजिस्टिक सपोर्ट और उपयोगकर्ताओं द्वारा जहाज पर माल चढ़ाने और उतारने के लिए किया जाता है।

फरक्का में फ्लोटिंग टर्मिनल

रा.ज.–1 के फ्लोटिंग टर्मिनल पर पर्यटक जलयान की बर्थिंग

इन 20 फ्लोटिंग टर्मिनलों का स्थान निम्न है :

(i) **पश्चिम बंगाल** में हल्दिया, बज–बज, बीआईएसएन, बोटेनिकल गार्डेन (कोलकाता), शांतिपुर, स्वरूपगंज, कटवा, हजारद्वारी, डाउनस्ट्रीम (डी/एस) फरक्का और अपस्ट्रीम (यू/एस) फरक्का;

(ii) **झारखण्ड** में राजमहल (मंगलाहाट) और साहिबगंज (समदाघाट) (साहेबगंज) और बिहार में बटेश्वरस्थान, भागलपुर, मुंगेर, सिमरिया और बक्सर; और

(iii) **उत्तर प्रदेश** में गाजीपुर/राजघाट, रामनगर (वाराणसी) और इलाहाबाद टर्मिनल।

इसके अतिरिक्त, भा.अ.ज.प्रा. ने हल्दिया, साहेबगंज और वाराणसी में मल्टी–मॉडल टर्मिनल विकसित करने की योजना बनाई है जिसके लिए परियोजना विकास कार्य प्रारंभ किया जा चुका है और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है। इन परियोजनाओं को विश्व बैंक सहायता प्राप्त **जलमार्ग विकास परियोजना** के अंतर्गत कार्यान्वित किया जा रहा है।

4.5 नौचालन संबंधी सहायताएं :

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर हल्दिया से इलाहाबाद तक के पूरे खण्ड पर वर्ष भर नौचालन की सुविधा देने के लिए दिवस चैनल चिन्ह लगाए गए हैं। प्रकाशमान देशी नौका/बांस की संरचना, एम.एस. पोल और ट्रेसल बीकन टावर से बने प्रणाली के माध्यम से राष्ट्रीय जलमार्ग–1 के हल्दिया–बलिया खण्ड (1140 कि.मी.) के बीच रात्रि नौचालन की सुविधाएं भी मुहैया की गई हैं।

दिवस दायां हस्त मार्क

देशी नौका पर प्रकाश

इस्पात पोल पर प्रकाश

बीकन टॉवर पर प्रकाश

उपर्युक्त के अलावा भा.अ.ज.प्रा. पाक्षिक रूप से तलस्पर्शी सर्वेक्षण भी नियमित रूप से कराता है। नदी संबंधी सूचनाएं और पायलटेज की सुविधा प्रचालकों को आवश्यकतानुसार दी जाती है। इसके अलावा, जलमार्ग पर 24 घंटे नौचालन की अत्याधुनिक सुविधाएं देने के लिए रा.ज.–1 पर स्वरूपगंज, भागलपुर और पटना में डिफ्रेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (डीजीपीएस) स्टेशन चालू किए गए हैं तथा इनकी सुविधाएं ट्रांसपोर्टरों/शिपरों को दी जा रही है। आगे, वाराणसी में दूसरा डीजीपीएस स्टेशन लगाया गया है, जो शीघ्र चालू हो जाएगा।

रा.ज.–1 पर विश्व स्तरीय नदी सूचना प्रणाली (आरआईएस) मुहैया करने के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना चरणबद्ध ढंग से कार्यान्वयन की प्रक्रिया में है। रा.ज.–1 के हल्दिया–फरक्का खण्ड के बीच इस परियोजना के प्रथम चरण में 7 बेस स्टेशन और 30 वेजेल स्टेशन हैं। इसका शुभारंभ माननीय पोत परिवहन मंत्री, भारत सरकार द्वारा 6 जनवरी, 2016 को उद्घाटन करने के पश्चात् 545 कि.मी. के कुल क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है।

फरक्का–पटना खण्ड के बीच 6 बेस स्टेशनों और 1 कंट्रोल स्टेशन से बने नदी सूचना प्रणाली (चरण–।।) 410 कि .मी. के कवरेज क्षेत्र में प्रगति पर है, जिसे वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान चालू किया जाएगा। पटना–वाराणसी के बीच 4 बेस स्टेशन और 1 कंट्रोल स्टेशन से बने नदी सूचना प्रणाली का चरण–।।। राष्ट्रीय जलमार्ग–1 के प्रस्तावित खण्ड पर 363 कि.मी. के कवरेज क्षेत्र में प्रारंभ करने के लिए भी प्रस्ताव किया गया है।

5. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.) –2

सदिया से धुब्री के निकट बांग्लादेश बॉर्डर तक रा.ज.–2 बनने वाली ब्रह्मपुत्र नदी(891 कि.मी.) उत्तर–पूर्व क्षेत्र (एनईआर) में सर्वाधिक महत्वपूर्ण अन्तर्देशीय जलमार्ग है। इस ताकतवर नदी में अनेक नदियां मिलकर इसे मछली के हड्डी की संरचना दी है। फीडर मार्ग के रूप में विकसित होने की संभावना रखने वाले उत्तर–पूर्व क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र और बराक नदी के करीब 1687 कि.मी. खण्ड को अभिज्ञात किया गया है। रा.ज.–2 भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग (1700 कि.मी.) के माध्यम से उत्तर–पूर्व क्षेत्र में वैकल्पिक सम्बद्धता मुहैया करता है। वर्ष 2015–16 के दौरान रा.ज.–2 पर फेयरवे, नौचालन संबंधी सहायताएं और टर्मिनल की सुविधाएं देने के लिए कराए गए महत्वपूर्ण कार्य नीचे इस प्रकार हैं :–

5.1 फेयरवे विकास :

धुब्री–पांडु खण्ड (255 कि.मी.)और पांड–नीमाति खण्ड (374 कि.मी.) में 2.5 मीटर न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एलएडी) के साथ 45 मीटर की न्यूनतम चौड़ाई का नाव्य फेयरवे अनुरक्षित किया गया। नीमाति–डिब्रूगढ़ खण्ड में 350 दिनों के लिए 2.0 मी. एलएडी अनुरक्षित किया गया था। डिब्रूगढ–सदिया (ओरियमघाट) खण्ड में 365 दिनों के लिए 1.5 मी. एलएडी अनुरक्षित किया गया था। इस न्यूनतम उपलब्ध गहराई को अनुरक्षित करने के लिए 54 स्थानों पर 21,000 मीटर बंडाल खड़े और अनुरक्षित किए गए। इसके अतिरिक्त, दो विभागीय सीएसडी, सीएसडी मंडोवी और सीएसडी ब्राह्मणी का उपयोग करत हुए 13 स्थानों पर 1,14,506 मीटर^3 निकर्षण कार्य किया गया था।

फेयरवे में गहराई बढ़ाने के लिए दो जलीय सर्वेक्षण ड्रेजर (एच.एस.डी.) एच.एस.डी. धनसीरी और एच.एस.डी. जया भोराली भी निकर्षण के लिए तैनात किए गए थे।बांग्लादेश सीमा और नीमाति के बीच कुछ भेद्य जोन (लगभग नौ) हैं, जहां गहराई और नदी क्षेत्र/चैनल में निरंतर परिवर्तन आता है। आईआईटी गुवाहाटी को ऐसे ही एक स्थान 'गणेश पहाड़ क्षेत्र' का प्रायोगिक आधार पर 19.16 लाख रूपए की लागत से गणितीय और भौतिकी मॉडल बनाने का कार्य सौंपा गया। दीर्घावधि आधार पर एलएडी में सुधार करने के लिए इन स्थलों पर नदी प्रशिक्षण कार्यों को अभिज्ञात और कार्यान्वयन करने में इस अध्ययन के नतीजे से सहूलियत मिलेगी।

बंडाल का प्रारूपी चित्र

सीएसडी मंडोवी द्वारा पांडु में निकर्षण

5.2 टर्मिनल :

पांडु पत्तन पर आरसीसी जेट्टी

मल्टीमॉडल नदी पत्तन के विकास के लिए रा.ज.–2 पर पांडु (गुवाहाटी) सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल है। पांडु में चरणबद्ध ढंग से टर्मिनल का विकास करने के लिए एक मास्टर प्लान इसीलिए तैयार किया गया था, जिसका विकास चरणबद्ध ढंग से किया गया। निम्नतल जेट्टी 2009 में चालू किया गया था। कंटेनर सहित यांत्रिक हैंडलिंग सुविधा का प्रचालन वर्ष भर करने के लिए वर्ष 2014–15 के दौरान 43.85 करोड़ रुपए की लागत पर एक उच्चतल जेट्टी को भी चालू किया गया था।

पांडु पोर्ट को कामख्या रेलवे स्टेशन (गुवाहाटी) से जोड़ने वाली बड़ी रेलवे लाइन का निर्माण एनएफ रेलवे के माध्यम से 16.84 करोड़ रुपए की लागत पर करके एनएफ रेलवे द्वारा वर्ष 2013 में वाणिज्यिक प्रचालन हेतु खोल दिया गया है। बीजी साइडिंग के उपयोग से कार्गो की ढुलाई तीसरी पार्टी द्वारा कराने के लिए भा.अ.ज.प्रा. ने एनएफ रेलवे के साथ उपबंध पर हस्ताक्षर किया है।

जोगीघोपा होकर 220 कि.मी. के घुमावदार सड़क मार्ग से बचने के लिए धुब्री से मेघालय तक (नदी मार्ग द्वारा 29 कि.मी.) सीधी अ.ज.प. सम्बद्धता मुहैया करने के लिए एक धुब्री में और दूसरा हथसिंगीमारी (ब्रह्मपुत्र नदी के उस पार) के लिए दो आरओ–आरओ टर्मिनलों का नियोजन भा.अ.ज.प्रा. द्वारा वर्ष 2013 में किया गया था। एल एंड टी और ईसीसी द्वारा तैयार की गई डीपीआर के आधार पर धुब्री में 46.69 करोड़ रु. की लागत पर टर्मिनल निर्माण का कार्य दिनांक 12.03.2014 को सीपीडब्ल्यूडी को दिया गया था। सीपीडब्ल्यूडी ने अगस्त, 2014 के दौरान काम प्रारंभ किया। मार्च, 2016 तक 85 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। इस परियोजना के जनवरी, 2017 तक पूरा होने की संभावना है।

ब्रॉड गॉज साइडिंग
बीजी साइडिंग

धुब्री में रो–रो टर्मिनल

हालांकि, हथसिंगीमारी में टर्मिनल के निर्माण के लिए चयनित भूमि के नदी द्वारा करीब–करीब अपरदन हो जाने के कारण वर्तमान परिस्थिति में किसी भी तरह की स्थाई संरचना का निर्माण करना कठिन है। ब्रह्मपुत्र बोर्ड ने इस स्थल पर लगभग 5 कि.मी. के क्षेत्र में तट के बचाव के लिए एक योजना तैयार किया है। हालांकि, इस योजना के कार्यान्वयन और तदुपरांत तटरक्षण के कार्य करने में कुछ समय लगेगा। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए भा.अ.ज.प्रा. ने नदी तट के स्थिर हो जाने तक के लिए हथसिंगीमारी में अस्थाई रो–रो सुविधा विकसित किया है। इसी तरह की अस्थाई रो–रो सुविधा धुब्री में विकसित की गई है। अस्थाई रो–रो सेवा अ.ज.प. निदेशालय, असम सरकार के दो जलयानों को लगाकर प्रारंभ कर दिया गया है। यह जनवरी, 2016 से प्रभावी है।

तेजपुर में फ्लोटिंग टर्मिनल

कार्गो ढुलाई की सुविधा देने के लिए दस (10) स्थलों –धुब्री, जोगीघोपा, तेजपुर, सिलघाट, विश्वनाथघाट, नीमाति, बोगीबील, डिब्रूगढ़, सेंगाजन/पनबाड़ी और ओरियमघाट में फ्लोटिंग टर्मिनलें मुहैया और अनुरक्षित किए गए हैं। हथसिंगीमारी, धुब्री, सिलघाट, विश्वनाथघाट, नीमाति, डिब्रूगढ़ और ओरियमघाट में टर्मिनलों के निर्माण हेतु भूमि का अधिग्रहण किया गया है।

जोगीघोपा में 16.47 हेक्टेयर भूमि में से लगभग 8.93 हेक्टेयर भूमि पानी में बह गयी। निरंतर हो रहे बहाव से आस–पास के बासिंदों को खतरा उत्पन्न हो गया है। भा. अ. ज. प्रा. 27 करोड़ रु. की लागत पर दो चरणों में तटरक्षण संबंधी कार्यों का कार्यान्वयन करके जल संसाधन विभाग, असम सरकार के सहयोग से शेष बचे टर्मिनल भूमि को बचा लिया है।

जोगीघोपा में चरण–I के कार्य

चरण–I में : गाद पूर्व कार्य प्रारंभ करने के लिए जोगीघोपा के नदी चैनल के अपस्ट्रीम में आरसीसी पोरकुपाइन स्क्रीन लगाना और चरण–II में :बोल्डर,मृदा डोवन बंड के साथ लांचिंग एपरन और तट निर्माण सहित तट संरक्षण कार्य। यह परियोजना नवंबर, 2015 में पूर्ण की गई थी। इस परियोजना से 18.63 एकड़ भूमि का बचाव होगा, जो अन्यथा सदा के लिए समाप्त हो जाएगी।

5.3 नौचालन संबंधी सहायताएं :

संपूर्ण जलमार्ग में दिवस नौचालन हेतु चैनल चिन्ह लगाए और अनुरक्षित किए गए। धुब्री और सिलघाट (440 किमी.) के बीच रात्रि नौचालन सुविधाएं भी मुहैया करके अनुरक्षित की जा रही है। संपूर्ण जलमार्ग में पाक्षिक/मासिक तलस्पर्शी सर्वेक्षण करवाकर अ. ज.प. प्रचालकों को फेयरवे संबंधी सूचना देने के लिए नदी संबंधी सूचनाएं दी गई हैं। इसके अलावा संपूर्ण रा.ज.–2 में डीजीपीएस सम्बद्धता की सुविधा देने के लिए धुब्री, जोगीघोपा, सिलघाट और डिब्रूगढ़ में अत्याधुनिक डीजीपीएस स्टेशन चालू किए गए हैं। सिलघाट पर अत्यधिक अपरदन के कारण डीजीपीएस स्टेशन को विश्वनाथ घाट स्थानांतरित कर दिया गया है।

5.4 नदी पर्यटन :

काजीरंगा और ओरंग में वन्य जीव अभ्यारण्य की उपस्थिति और अन्य पर्यटन स्थानों जैसे–सुआलकुची, शिवसागर और ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर कमालबाड़ी से रा.ज.–2 पर नदी पर्यटन हेतु विगत् के कुछ वर्षों में रूचि काफी बढ़ी है। रा.ज.–2 के पांडु–नीमाति (630 किमी.) खण्ड में 2.5 मीटर न्यूनतम उपलब्ध गहराई के प्रावधान से इस शक्तिशाली नदी पर नदी पर्यटन को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति मिली है। प्रत्येक वर्ष धुब्री/पांडु और नीमाति के बीच विदेशी पर्यटकों को 3 पर्यटक जलयानों द्वारा लगातार यात्रा कराई जा रही है।विपत्ती में पड़े जलयानों को सहायता देने के अलावा नौचालन सम्बंधी सहायता और टर्मिनल की सुविधा सहित उपयुक्त नौचालन सम्बंधी अवसंरचना मुहैया करने की भा.अ.ज.प्रा. की वचनबद्धता से नदी पर्यटन के लिए मजबूत पारिस्थिति तंत्र तैयार हुआ है। यह शक्तिशाली नदी ब्रह्मपुत्र में सफल जलयात्रा करने में प्रतिबिंबित होता है जिसमें प्रचालकों ने वर्ष 2015–16 के दौरान सफलतापूर्वक 40 खेपें पूरे करवाए हैं।

6. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.) – 3

कोट्टापुरम–कोल्लम (168 कि.मी.), कोची–एलूर के बीच उद्योगमंडल कैनाल (23 कि.मी.) और कोची पत्तन–अंबलमुगल के बीच चंपाकारा कैनाल (14 कि.मी.) से बने पश्चिम तट कैनाल राष्ट्रीय जलमार्ग–3 (कुल लंबाई 205 कि.मी.) है। रा.ज.–3 पर फेयरवे, टर्मिनल और नौचालन सम्बंधी सहायता के विकास और अनुरक्षण हेतु वर्ष 2015–16 के दौरान किए गए महत्वपूर्ण कार्य के विवरण नीचे हैं :–

6.1 फेयरवे विकास :

रा.ज.–3 एक ज्वारीय जलमार्ग है, जिसके समुद्र पर चार मुहाने मुनम्बम, कोची, कायमकुलम और नीलदाकारा में हैं। रा.ज.–3 में नौचालन हेतु चौड़े खण्डों में 38 मीटर चौड़ाई के और संकीर्ण खण्डों में 32 मीटर चौड़ाई के नौचालन चैनल विकसित करने के बारे में विचार किया गया है।

रा.ज.–3 में कार्यरत एक अन्तर्देशीय हेजर

कोट्टापुरम स्थित रा.ज.–3 का एक दृश्य

इन आयामों के साथ नौवहन चैनल विकसित करने के लिए 40.33 लाख मीटर^3 गाद निकालने के कार्य को संपूर्ण जलमार्ग के छिछले क्षेत्रों में किया जाना प्रस्तावित किया गया था। इन छिछले क्षेत्रों की कुल लंबाई लगभग 87 कि.मी. है। अब तक इदापल्लीकोट्टा–कोल्लम खण्ड में 2.25 कि.मी. और कायमकुलम कयाल में एक कि.मी. के क्षेत्र में फैले शोल को छोड़कर सभी खण्डों में भारी निकर्षण कराए गए हैं। यथा दिनांक 31.03.2016 भा.अ.ज.प्रा. ने 83.75 कि.मी. क्षेत्र में 38.50 लाख घनमीटर ड्रेजिंग कार्य कराया है।

सम्पूर्ण रा.ज.–3 में 2.0 मीटर के लक्षित गहराई के साथ एकल मार्ग चैनल मुहैया किया गया है। द्विमार्ग नाव्य चैनल (चौड़ाई 32 मी.) मुहैया करने के लिए चैनल को चौड़ा करने का कार्य दो स्थलों – कायमकुलम कयाल में 1 कि.मी. और चावड़ा के निकट 2.25 कि.मी. के 3.25 कि.मी. के क्षेत्र में शेष है। कायमकुलम कयाल में राज्य सरकार द्वारा रा.ज.–3 चैनल से चीनी मत्स्य जाल को हटाने का कार्य प्रगति पर है। मत्स्य जालों को हटाने के बाद निकर्षण प्रारंभ किया जाएगा। हार्ड स्ट्रैटा को हटाने सहित चौड़ा करने का कार्य संविदा के माध्यम से जनवरी, 2016 से ही कार्यान्वयन में है। इसके अलावा, भा.अ.ज.प्रा. ने रा.ज.–3 के विभिन्न स्थलों पर निकर्षण अनुरक्षण निकर्षण के लिए 4 विभागीय ड्रेजरों (2 कटर सक्शन ड्रेजरऔर 2 एम्फिबियन ड्रेजर) को तैनात किया है।

भा.अ.ज.प्रा. द्वारा अलापुझा में पुनर्निर्मित यात्री जेट्टी

अपरदन से कैनाल तट का बचाव रा.ज.–3 में सुरक्षित नौचालन का अन्य महत्वपूर्ण गतिविधि है। अब तक चम्पाकारा और उद्योगमंडल कैनालों में 15.30 कि.मी. के कैनाल तट पर स्थाई तटरक्षण कराया गया है। अलापुझा और कोल्लम के बीच कैनाल के संकरे क्षेत्रों में जहां चौड़ा करने का कार्य किया गया था, वहां अब तक 9.78 कि.मी. लंबाई में तट रक्षण किया गया है। ऐसे कार्य चावड़ा में प्रगति पर है। रा.ज.–3 के अलापुझा–कायमकुलम खण्ड में लंबे समय से चल रहे पूंजीगत कार्य को वर्ष 2015–16 के दौरान सफलतापूर्वक पूरा किया गया है।

रा.ज.–3 पर भारी निकर्षण और संकरे कैनालों को चौड़ा करने के कार्य की प्रगति में विलंब के अनुभव वर्षों से विभिन्न स्थानीय कारणों जैसे–निकर्षित सामग्री के निस्तारण, अतिरिक्त तट रक्षण की मांग, कार्यों में बारंबार रूकावट और स्थानीय लोगों द्वारा मुकदमेबाजी करने और मछुआरों का विरोध सेरहा है। ऐसी समस्याओं का समाधान करने और काम को आगे बढ़ाने के लिए भा.अ.ज.प्रा. राज्य सरकारों के साथ लगातार विचार–विमर्श कर रहा है और उनकी सुविधा भी ले रहा है।

6.2 अ.ज.प. टर्मिनल :

8 स्थानों (कोट्टापुरम, अलुवा, मरदु, वैकुम, तनेरमुखम, त्रिकुणापुझा, कायमकुलम और कोल्लम) में कार्गो टर्मिनल बनाए गए हैं। अलापुझा में 9.04 करोड़ रु. की लागत पर 1 टर्मिनल का निर्माण प्रगति पर है। इस टर्मिनल के 98 प्रतिशत कार्य पूरे हो गए हैं। कक्कानाडु और चावड़ा नामक दो और स्थलों पर टर्मिनलें कार्गो की उपलब्धता (जलमार्ग के लिए संभावित मांग) सुनिश्चित होने के लिए अगले चरण में विकसित करने का प्रस्ताव है। भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा हो गया है। परेषक और परेषिति के मॉडल शिफ्ट स्वीकार नहीं करने के कारण अब तक इन टर्मिनलों पर अपेक्षित कार्गो नहीं आ रहा है। केरल सरकार ने अ.ज.प. के लिए 1 जनवरी, 2016 से 1 रु. प्रति टन कि.मी. इमदाद देने की एक योजना कार्यान्वित की है। उम्मीद की जाती है कि इससे रा.ज.–3 और टर्मिनलों के अत्यधिक प्रयोग पर सकारात्मक प्रभावी पड़ेगा। एनएचएआई से दीर्घावधि पर ली गई भूमि के अधिग्रहण के पश्चात कोट्टापुरम टर्मिनल के लिए नए और चौड़ा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया।

6.3 रो–रो टर्मिनल :

कोचीन पत्तन क्षेत्र के अधीन दो रॉल ऑन रॉल ऑफ टर्मिनल पहला बोलगट्टी में और दूसरा विलिंगटन आईलैंड में आईसीटीटी वल्लारपदम से सम्पर्क स्थापित करने के लिए कोचिन पत्तन न्यास के माध्यम से भा.अ.ज.प्रा. द्वारा तैयार किया गया है। इस सुविधा के उपयोग से वल्लारपदम की ओर जाने वाले ट्रकों/ट्रेलरों को कोची शहर की भीड़भाड़ वाले सड़कों होकर गुजरने की जरूरत नहीं होती है। ये टर्मिनल फरवरी, 2011 से प्रचालन में हैं। 31 मार्च, 2016 के अंत तक कुल 93,419 बीस फीट समतुल्य यूनिट (टीईयू) और 61,468 चालीस फीट समतुल्य यूनिट (एफईयू) कंटेनरों का परिवहन इन टर्मिनलों के बीच संविदा पर व्यवस्था किए गए रो–रो टर्मिनल और रो–रो जलयान द्वारा किए गए हैं।

रा.ज.–3 में रो–रो बार्ज सेवा

रा.ज.–3 में बोलगट्टी रो–रो टर्मिनल

6.4 वृहत आकार के कार्गो (ओडीसी) :

वर्ष के दौरान चम्पाकारा कैनाल होकर वृहत आकार के कार्गो (ओडीसी) का बार्जों द्वारा कोचीन पत्तन न्यास से अम्बलमुगल स्थित बीपीसीएल–कोची रिफाइनरी तक ढुलाई की गई। 179 टन से 700 टन तक के बीच (कुल 2910 टन) के कुल 7 मालों यथा–डीजल हाइड्रो ट्रीटर (डीएचडीटी) और वैक्यूम गैसऑयल हाइड्रो ट्रीटर (वीजीओ एचडीटी) / अन्य सम्बद्ध भारी उपकरण / परेषण की ढुलाई सफलतापूर्वक पहले ही की जा चुकी है।

वर्ष 2015–16 के दौरान मुख्य रूप से सल्फर, फॉस्फेरिक एसिड, रॉक फास्फेट, लीक्वीफाइड एमोनिया गैस, पीओएल, इत्यादि के कुल 10.62 लाख टन कार्गो की ढुलाई बार्जों द्वारा रा.ज.–3 में हुई हैं।

रा.ज.–3 पर ओडीसी ढुलाई

6.5 नौचालन सम्बंधी सहायताएं :

24 घंटे सुरक्षित नौचालन की सुविधा देने के लिए रा.ज.–3 पर भा.अ.ज.प्रा. द्वारा सौर ऊर्जा से प्रकाशमान कुल 132 बोया और 17 बीकन लाईट अनुरक्षित किए गए थे।

रा.ज.–3 में नौचालन बोया

रा.ज.–3 में बीकन लाईट

7. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)–4 और 5

नवम्बर, 2008 में इन जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया गया। इसके बाद दोनों राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्टें (डीपीआर) तैयार की गई। इसके बाद, योजना आयोग की सलाह पर, आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की आर्थिक सलाह के साथ लेनदेन सलाहकार (परामर्शदाता) को नियुक्त कर पीपीपी माध्यम से आर्थिक दृष्टि से व्यवहार्य खंडों का विकास किया गया। तथापि, दोनों जलमार्गों को पीपीपी माध्यम में विकसित करने हेतु व्यवहार्य नहीं पाया गया। अतः एडीबी अथवा विश्व बैंक जैसे बहुपक्षीय संसाधानों द्वारा सकल बजटीय सहायता (जीबीएस) / बाह्य सहायता के माध्यम से दोनों जलमार्गों को विकसित करने का निर्णय लिया गया था।

7.1 राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.–4) :

आन्ध्रप्रदेश क्षेत्र में जलमार्ग का विकास करने के लिए विजयवाड़ा (प्रकाशम बैरेज) से मुक्तला (पुलिचिंतला डैम के प्रवाह की दिशा में) तक, विजयवाड़ा से काकीनाडा तक एलुरू और काकीनाडा कैनाल तथा राजामुंदरी से भद्रचलम तक गोदावरी नदी को चरण–। में विकसित करने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। पेडागंजम से पुदुचेरी तक नॉर्थ बकिंघम कैनाल और साउथ बकिंघम कैनाल सहित विजयवाड़ा से पेडागंजम तक कॉमामोर कैनाल का विकास चरण–।। में किया जाना नियोजित है। पोलवरम (गोदावरी नदी) और पुली चिन्ताला (कृष्णा नदी) पर बांधों और नौचालन लॉकों का निर्माण पूरा होने के बाद कृष्णा नदी और गोदावरी नदी के शेष भाग का विकास चरण–।।। में किया जाना नियोजित है। इसी बीच में अद्यतन रूपांत्मक स्थितियों का मूल्यांकन करने के लिए संपूर्ण रा.ज.–4 में विस्तृत जलीय सर्वेक्षण कराए गए हैं।

आन्ध्रप्रदेश सरकार नई भूमि का रूपात्मक सर्वेक्षण, विद्यमान जटिल क्रॉस आकारों का श्रेणीकरण और लागत निर्धारण तथा टर्मिनलों के निर्माण के लिए डीपीआर कर रहा है। इस अध्ययन के नतीजे के आधार पर भा.अ.ज.प्रा. श्रेणी– ।। अथवा श्रेणी– ।।। में से किसी के लिए फेयरवे का विकास करने की रणनीति को अंतिम रूप देगा। चरण– । की गतिविधि के एक भाग के रूप में कृष्णा नदी के मुक्तला–हरिशचंद्रपुर (विजयवाड़ा के विपरीत प्रवाह में) जटिल शोलों के निकर्षण का कार्य भी प्रारंभ कर दिया है। राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए विजयवाड़ा स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय परिसर में भा.अ.ज.प्रा. ने एक उप–कार्यालय स्थापित किया है।

7.2 राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज. –5) :

भ.अ.ज.प्रा., ओडिशा सरकार, पारादीप पत्तन न्यास (पीपीटी) और धमरा पोर्ट कंपनी लिमिटेड (डीपीसीएल) के मध्य रा.ज.–4 के 332 किमी. क्षेत्र का विकास दो चरणों में करने के लिए एक समझौते पर 30 जून, 2016 को हस्ताक्षर किए गए। पहले चरण के अंतर्गत पंकोपल से धमरा और पारादीप से 207 किमी. और दूसरे चरण में तलचर से पंकोपल 125 किमी. का कार्य किया जाएगा। तथापि, चरण–एक के अंतर्गत विकास कार्य वर्तमान में बाधित है क्योंकि सुजानपुर में विद्यमान छोटे बांध के पुनर्निर्माण और जकोदिया में पुरानी बैराज के लिए उपयुक्त नौवहन लॉकों की आवश्यकता है। प्रस्तावित विकासात्मक कार्यों के समन्वय और निगरानी के लिए भुवने वर में भ.अ.ज.प्रा. का उप–कार्यालय स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त, मैसर्स वैपकोस द्वारा चरण–एक के अंतर्गत खंड विकास हेतु अध्ययन प्रारंभ किया गया है। इनकी रिपोर्ट और राज्य सरकार की सिफारिश के आधार पर आईआईटी गुवाहाटी को बैराजों और 3.0 मीटर एलएडी फेयरवे के विकास हेतु अन्य क्रास आकारों के निर्माण हेतु डिजाइन इनपुट ढूंढ़ने हेतु बहमणी नदी और इसकी डेल्टा प्रणाली हेतु गणितीय मॉडल अध्ययन करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। इस दौरान अद्यतन रूपिम स्थितियों का आंकलन करने के लिए रा.ज.–5 के तलचर–धमरा और पारादीप खंड तथा मतई नदी में विस्तृत जल सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है। ओडिशा सरकार द्वारा भ.अ.ज.प्रा. पीपीटी, डीपीसीएल और ओडिशा के संबंधित विभागों से सदस्यों के साथ एक समन्वय समिति गठित की गई है, जो मासिक आधार पर रा.ज.–5 के विकास की प्रगति की निगरानी करती है।

8. पारगमन और व्यापार पर भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल

भारत और बांग्लादेश के बीच एक अन्तर्देशीय जल पारगमन और व्यापार प्रोटोकॉल है जिसके तहत भारतीय भूमि (कोलकाता) से उत्तर–पूर्व क्षेत्र तक कार्गो के पारगमन के लिए और दोनों देशों के बीच व्यापार के लिए अपने–अपने जलमार्गों के प्रयोग दोनों देशों की सरकारें परस्पर रूप से लाभकारी व्यवस्था के लिए करने हेतु सहमत हो गई है। इसमें एक देश में दो स्थानों के बीच मालों की आवाजाही दूसरे देश के भू–भाग से होकर उस देश के कानूनों के अनुसार होगी। विद्यमान प्रोटोकॉल मार्ग हैं :–

(I) कोलकाता–सिलघाट–कोलकाता, (ii) कोलकाता–करीमगंज–कोलकाता, (iii) राजशाही–धुलिया–राजशाही, (iv) सिलघाट–करीमगंज–सिलघाट। अंतर देशीय व्यापार हेतु विनिर्दिष्ट पांच पोर्ट ऑफ कॉल भारत में हल्दिया, कोलकाता, पांडु, सिलघाट और करीमगंज में हैं और बांग्लादेश में नारायणगंज, खुलना, मोंगला, सिराजगंज और आशुगंज हैं।यह प्रोटोकॉल 1972 में अस्तित्व में आया और समय–समय पर इसकी समीक्षा की जाती है। यह प्रोटोकॉल मार्च, 2020 तक वैध हैं। वर्ष 2015–16 के दौरान इस प्रोटोकॉल के तहत कोलकाता/हल्दिया और बांग्लादेश/भारत के उत्तर पूर्व भागों के बीच 19 लाख टन आयात–निर्यात और पारगमन कार्गो की ढुलाई हुई।

9. जलीय सर्वेक्षण कार्यकलाप

जलसर्वेक्षण विज्ञान की ऐसी शाखा है जो महासागर, समुद्र, तटीय क्षेत्र, झील और नदियों के वास्तविक रूपरेखा की माप और वर्णन करने के साथ–साथ लंबे समय के बाद उसमें होने वाले बदलाव की भविष्यवाणी, नौचालन की सुरक्षा और अन्य सामुद्रिक गतिविधियों का अध्ययन होता है, जिसमें आर्थिक विकास, सुरक्षा और प्रतिरक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और पर्यावर्णिक सुरक्षा शामिल हैं। जलीय सर्वेक्षण जहाजों के सुरक्षित और दक्ष नौचालन करने, नौचालन सम्बंधी हरेक तरह की गतिविधि को संरक्षण देता है।

जलीय सर्वेक्षण निर्णय लेने के लिए रीढ़ की हड्डी साबित होता है, चाहे यह नियोजन और विकासात्मक और अनुरक्षण सम्बंधी गतिविधियों का कार्यान्वयन हो। यह नाविकों/समुद्र का उपयोग करने वालों, सामुद्रिक मानचित्र का प्रकाशन करने वालों, इत्यादि को सूचना मुहैया करता है। साउण्डिंग, शोर लाइन, ज्वार, लहर, नदी संरचना और पानी में डूबे हुए अवरोधों पर सबसे ज्यादा जोर दिया जाता है, जो कि पूर्व में उल्लिखित गतिविधियों से सम्बद्ध है। जलीय सर्वेक्षण में एकत्र की गई सूचना से समुद्र का उपयोग करने वाले लोगों को सुरक्षित नौचालन करने सहित विभिन्न प्रकार के विश्लेषण में मदद मिलती है। जलीय पक्ष नाविकों को अतिरिक्त जानकारी देने के लिए राष्ट्रीय जलमार्ग से सम्बंधित पायलट और नौचालन मानचित्र का प्रकाशन भी करता है।

9.1 राष्ट्रीय जलमार्ग –1 (हल्दिया–इलाहाबाद) :

तलस्पर्शी सर्वेक्षण

तलस्पर्शी सर्वेक्षण पाक्षिक रूप से विभागीय आधार पर कराकर नदी संबंधी सूचनाएं अ.ज.प. उपयोगकर्ताओं को (अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में) जारी किए गए थे। एलएडी और नदी सूचना भा.अ.ज.प्रा. की वेबसाइट पर नियमित रूप से प्रकाशित किया जा रहा है। वर्ष 2015–16 के दौरान कुल 28016.5 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए। खण्डवार कराए गए सर्वेक्षण के ब्यौरे नीचे दर्शाए गए हैं :–



कुल 28016.5 लाइन कि.मी. सर्वेक्षण
रा.ज.–1 में तलस्पर्शी सर्वेक्षण
No of Surveys
Line Km
Stretch
TRIBENI-BERHAMPORE (228Kms)
BERHAMPORE-FARAKKA LOCK (123Kms)
FARAKKA LOCK-RAJMAHAL (39Kms)
RAJMAHAL-MUNGER (210Kms)
MUNGER-PATNA (162Kms)
PATNA-GHAZIPUR (223 Kms)
GHAZIPUR-CHUNNAR (166 Kms)
CHUNNAR-ALLAHABAD (203 Kms)
4500
2457.9
855.8
4410
3402
4683
3385
20
20
20
21
21
21
21
21

विस्तृत सर्वेक्षण :

विभागीय पूर्व/उत्तर बंडालिंग और निकर्षण सर्वेक्षण एवं अन्य सर्वेक्षण 222 स्थानों पर कराए गए थे, जिसका विवरण नीचे है :–



रा.ज.–1 में विस्तृत सर्वेक्षण

टर्मिनल सर्वेक्षण :

मंगलाघाट (दूरी 589.0 कि.मी.), समदाघाट (दूरी 618.0 कि.मी.), बटेश्वर (दूरी 683.0 कि.मी.), भागलपुर (दूरी 715.0 कि.मी.) मेंटर्मिनल सर्वेक्षण कराए गए। राजमहल–मुंगेर टर्मिनल में गायघाट टर्मिनल (दूरी 955.0 कि.मी.),पटना–मुंगेर खण्ड में सिमरिया घाट और गाजीपुर (दूरी 1178.0 कि.मी.), राजघाट (दूरी 1308.0 कि.मी.), रामनगर (दूरी 1318.0 कि.मी.) और गाजीपुर–चुनार खण्ड में चुनार (दूरी 1344.0 कि.मी.) में टर्मिनल सर्वेक्षण कराए गए।

अन्य सर्वेक्षण :

वर्षा के कम मौसम के दौरान चैनल की नाव्यता की जांच करने के लिए रा.ज.–1 के 16 स्थानों पर 17 कि.मी. क्षेत्र में भा.अ.ज.प्रा. के स्वरूपगंज कार्यालय ने क्रॉस सेक्शनल सर्वेक्षण कराया है, जिसका विवरण नीचे इस प्रकार है :–

क्र.सं.	स्थान	दूरी (कि.मी. में)
1	भोलादंगा	305–307
2	कुमारपुर	396–399
3	साहापट्टी	387.5
4	बलीदंगा	336.5
5	डी/एस गुप्तीपारा	238.0
6	साहापट्टी	387.5
7	डी/एस पलासे	368.0
8	बलीदंगा	335.5 और 336
9	बहीरद्वीप	296.0
10	यू/एस गौरंगा सेतु	278.0
11	बलीदंगा	337.0
12	नूतनग्राम	358.0
13	डी/एस पलासे	368.0
14	बलीदंगा	335.5 और 336
15	डी/एस बलीदंगा	335.5
16	सुजापुर	363.5

फरक्का भूमि क्षेत्र में कुल स्टेशन सर्वेक्षण

भा.अ.ज.प्रा. ने फरक्का में नए नौचालन लॉक गेट का निर्माण करने के लिए इसके लिए चयनित भूमि में स्थलाकृति सर्वेक्षण कराया है। भा.अ.ज.प्रा., फरक्का ने निम्नलिखित 08 स्थलों पर तट से तट सर्वेक्षण कराया है :–

क्र.सं.	स्थान	दूरी (कि.मी. में)
1	डी/एस लॉक गेट	542–544.0
2	यू/एस लॉक गेट	546.0
3	यू/एस गंगा संगम के लिए बैरेज	546.0–554.0
4	घोड़पारा	427.5
5	डी/एस दस्तुरिहाट फेरी	444.5
6	मोहम्मदपुर	450.0

9.2 भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग (सुंदरवन)

भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग में सिल्वर ट्री प्वाईंट से बेहारीखल (बांग्लादेश बॉर्डर) तक मासिक तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए। कुल 1872 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराकर नदी संबंधी सूचनाएं भा.अ.ज.प्रा. की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई।

सुंदरवन में तलस्पर्शी सर्वेक्षण

9.3 राष्ट्रीय जलमार्ग –2

तलस्पर्शी सर्वेक्षण

कम वर्षा के मौसम के दौरान विभागीय तलस्पर्शी सर्वेक्षण पाक्षिक रूप से बाढ़ के मौसम के दौरान मासिक रूप से कराकर नदी संबंधी सूचनाएं (अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में) जारी किए गए। नदी संबंधी सूचनाएं भा.अ.ज.प्रा. की वेबसाइट पर नियमित रूप से प्रकाशित की जाती है। वर्ष के दौरान कुल 15,480 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए। जिसका खण्डवार ब्यौरा नीचे हैं :–

विस्तृत सर्वेक्षण

विभागीय पूर्व और उत्तर बंडालिंग, ड्रेजिंग सर्वेक्षण, टर्मिनल और क्रॉस सक्शन सर्वेक्षण 157 स्थानों पर कराए गए, जिसका विवरण नीचे है :–

टर्मिनल सर्वेक्षण

टर्मिनल सर्वेक्षण वर्ष 2015–16 के दौरान हथसिंगीमारी (दूरी 02 कि.मी.), धुब्री (दूरी 32 कि.मी.), जोगीघोपा (दूरी 108 कि.मी.), बोगीबिल (दूरी 738 कि.मी.), सेंगाजन (दूरी 772 कि.मी.) और ओरियमघाट (दूरी 860 कि.मी.) में कराए गए।

स्वचालित जलीय सर्वेक्षण प्रणाली (जहाज पर)

अन्य सर्वेक्षण

बी' बोर्ड से पांडु तक के खण्ड में निम्नलिखित स्थलों में क्रॉस सेक्शनल सर्वेक्षण कराए गए हैं :–

क्र.सं.	स्थान	दूरी (कि.मी. में)
1	बुरहा भूरी–जलेश्वर घाट	50 से 55 कि.मी.
2	हथसिंगीमारी–भेराभागा	02 से 15 कि.मी.
3	भेराभागा – यू/एस धुब्री	15 से 33 कि.मी.

गणितीय मॉडल के लिए आंकड़े लेने के लिए गणेश पहाड़ क्षेत्र (283 से 305 कि.मी. तक) में परिवर्तनीय क्षेत्रीय सर्वेक्षण कराया गया। इन आंकड़ों का उपयोग आईआईटी गुवाहाटी द्वारा गणितीय मॉडल बनाने के लिए किया गया है।

नदी की नाव्यता का निर्धारण करने के लिए 81 कि.मी. से अधिक क्षेत्र में लोहित नदी में तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराया गया।

9.4 डीजीपीएस आधारित नौचालन प्रणाली :

भ.अ.ज.प्रा. ने रा.ज.–1 और 2 में विश्वसनीय और सुरक्षित अंतर्देशीय नौचालन उपायों के लिए अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए डीजीपीएस (डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) तकनीक के साथ नौचालन प्रारंभ किया है। इस परियोजना के अंतर्गत रा.ज. –1 में डीजीपीएस स्टेशन, स्वरूपगंज, भागलपुर, पटना और वाराणसी तथा रा.ज.–2 में धुब्री, जोगीघोपा और डिब्रूगढ़ में पहले ही स्थापित किये गए और ये कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में, डीजीपीएस संपर्क रा.ज.–1 के 1620 किमी. में से सागर–बक्सर खंड (1124 किमी.) तथा संपूर्ण रा.ज. –2 (891 किमी.) में उपलब्ध है।सिलघाट स्थित स्टेशन ब्रह्मपुत्र नदी में आई भीषण बाढ़ के कारण प्रभावित हुआ। सारे उपकरण को हटाकर सुरक्षित स्थान में रखा गया है।

राष्ट्रीय जलमार्ग–1, गंगा नदी प्रणाली को रात्रि नौचालन और जलमार्ग में सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए दृश्य और श्रवण नौचालन सहायता प्रणााली का स्थापन किया गया है।

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 (हल्दिया और इलाहाबाद के गंगा–भागीरथी–हुगली नदी प्रणाली) और राष्ट्रीय जलमार्ग–2 सदिया और धुब्री के बीच ब्रह्मपुत्र नदी में जलयानों को चलाने में सहायता देने के लिए डीजीपीएस नेटवर्क काम कर रहा है। भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्गों में सुरक्षित और प्रभावी नौचालन धुब्री स्थित अतिरिक्त स्टेशन की मदद से किया जा रहा है। इन स्थानों का नियोजन इस तरह से किया गया है कि सब–मीटर में परिशुद्धता के साथ 150 कि.मी. के परिधि क्षेत्र में कवरेज दिया जा सके।

9.5 राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.) –3 :

तलस्पर्शी सर्वेक्षण

विभागीय तलस्पर्शी सर्वेक्षण कोट्टापुरम–कोची–कोल्लम खण्ड (उद्योगमंडल और चंपाकारा कैनाल सहित पश्चिम तट कैनाल) में मासिक आधार पर कराकर नदी संबंधी सूचनाएं (अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में) जारी किए गए। वर्ष के दौरान कुल 2673.5 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए, जिसका खण्डवार विवरण नीचे है :–



विस्तृत सर्वेक्षण

पूर्व और उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण निम्नलिखित स्थानों पर कराए गए :–

क्र. सं.	स्थान	पूर्व/उत्तर	तिथि	दूरी	गाद मात्रा
1	राजागिरि–अम्बालामुगल	पूर्व	9, 10 और 16.4.15	21.85–23.50	47151 मी.^{3}
2	थेवड़ा जेट्टी	पूर्व	29.05.2015	9.0 (सीसी)	
3	डालवापुरम–समरानी कोडी	पूर्व	14 और 15.09.15	172.64–173.1 173.97–175.85	4720 मी.^{3}
4	थेवड़ा जेट्टी	उत्तर	14.10.2015	9.0 (सीसी)	4445 मी.^{3}
5	टी.सी.सी (यूडी कैनाल)	पूर्व	11.12.2015	23.0 (यूडी)	
6	कायमकुलम एस.माउथ	पूर्व	17.12.2015	149.0	
7	केएमएमएल और कोविलथोट्टम	पूर्व	18.12.2015	166.0	
8	मरदु टर्मिनल	पूर्व	5 और 29.12.15	12.5 (सीसी)	
9	रो–रो जेट्टी टर्मिनल प . आईलैंड और बोलगट्टी	पूर्व	06.01.2016	3.5 (सीसी) 5.8 (यूडी)	2880 मी.^{3}

सीसी–चंपाकारा कैनाल और यूडी–उद्योगमंडल कैनाल
2015–16 के दौरान कुल 59196 मी.^{3} निकर्षण कराए गए

9.6 राष्ट्रीय जलमार्ग– 5 :

राष्ट्रीय जलमार्ग–5 में नौवहन मार्ग की स्थिति का आकलन और आगे इनके विकास के लिए मासिक आधार पर तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए।

9.7 सर्वेक्षण जलयान :

आंकड़ा को संग्रह, तैयार और प्रिंट करने के लिए सभी सर्वेक्षण जलयान डिजिटल इको साउंडर, डीजीपीएस रिसीवर, लैपटाप/डेस्कटाप और करेंट मीटर सेट सहित नदी सूचना प्रणाली (आरआईएस) और स्वचालित जलीय सर्वेक्षण जैसे–अत्याधुनिक सर्वेक्षण उपकरण से युक्त हैं।

विभिन्न जलमार्गों में निम्नलिखित सर्वेक्षण जलयान प्रचालन में हैं, जो सर्वेक्षण कार्य के लिए तैनात हैं :–

रा.ज.–1		रा.ज.–2	रा.ज.–3
1. एस.एल. कोयल	7. एस.एल. मंदाकनी	1. एस.एल. लोहित	1. एस.एल. पम्बा
2. एस.एल. द्वारकेश्वर	8. एस.एल. गंडक	2. एस.एल. सुबानसिरि	
3. एस.एल. मेगना	9. एस.एल. पुनपुन	3. एस.एल. बराक	
4. एस.एल. अनुपल्लव	10. एस.एल. कोसी	4. एस.एल. बूढ़ी दिहिंग	
5. एस.एल. कमला	11. एस.एल. रिहंद	5. एस.एल. दिबांग	
6. एस.एल. घाघरा	12. एस.एल. दिहांग		

9.8 राष्ट्रीय जलमार्ग–1 में नदी सूचना प्रणाली (आरआईएस) की स्थापना

नदी सूचना प्रणाली (आरआईएस) अंतर्देशीय नौचालन में यातायात और परिवहन को अधिकतम करने के लिए सम्बंधित हार्डवेयर और साफ्टवेयर के मेल से बना आधुनिक ट्रैकिंग उपकरण है। प्रणाली मोबाइल जलयानों और किनारे (बेस स्टेशनों) पर स्थित जलयानों के मध्य सरलता से इलेक्ट्रोनिक डाटा अंतरण को सूचना के अग्रिम और वास्तविक समय विनियम के आधार पर सुनिश्चित करती है। आरआईएस जलमार्ग प्रचालकों और प्रयोक्ताओं के मध्य सूचना विनिमय को सुकर बनाता है। इससे सुविधा मिलेगी :–

- पत्तनों और नदियों में अन्तर्देशीय नौचालन सुरक्षा में वृद्धि
- अन्तर्देशीय नौचालन की दक्षता में वृद्धि
- अन्तर्देशीय जलमार्गों के बेहतर उपयोग
- पर्यावर्णिक सुरक्षा

6 जनवरी, 2016 को नई दिल्ली में नदी सूचना सेवा (आरआईएस–चरण–I) प्रणाली का श्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं पोत परिवहन द्वारा उद्घाटन। पोत परिवहन मंत्रालय के सचिव, श्री राजीव कुमार और अध्यक्ष, भा.अ.ज.प्रा., श्री अमिताभ वर्मा भी उपस्थित हैं।

भा.अ.ज.प्रा. ने भारत में पहली बार राष्ट्रीय जलमार्ग–1 (गंगा) पर नदी सूचना सेवा प्रणाली की स्थापना की तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण परियोजना को लिया है।

यह परियोजना तीन चरणों में नीचे इस प्रकार कार्यान्वित की जा रही है :–

	चरण– I :	चरण– II :	चरण– III :
	हल्दिया–फरक्का	**फरक्का–पटना**	**पटना–वाराणसी**
परियोजना लागत	रु. 26.23 करोड़	रु. 15.89 करोड़	रु. 14.49 करोड़
आच्छादित नदी खंड	545 कि.मी.	410 कि.मी.	356 कि.मी.
अवसंरचना	7 बेस स्टेशन 2 कंट्रोल स्टेशन 30 जलयान स्टेशन 27.4.14 को कार्य आवंटित	6 बेस स्टेशन 1 कंट्रोल स्टेशन 28.5.15 को कार्य आवंटित	4 बेस स्टेशन 1 कंट्रोल स्टेशन 03.03.16 को कार्य आवंटित
स्थिति	प्रचालन	सिविल निर्माण कार्य प्रगति पर तथा बेलजियम में ओईएम उपकरण के लिए फैक्ट्री एक्सेप्टेंश टेस्ट कराए गए।	भूमि अधिग्रहण और सिविल कार्य के लिए निविदा प्रगति पर

फरक्का आरआईएस कंट्रोल स्टेशन का नदी दृश्य

चरण– I : आरआईएस परियोजना के चरण–I में मेसर्स एलकॉम इंटीग्रेटेड सिस्टम प्रा. लि., मुम्बई द्वारा रा.ज.–1 के 545 कि.मी. नदी खण्ड में कार्यान्वित किया गया है। इस परियोजना में जलयानों की 7 रिमोट (बेस स्टेशन स्थल) यथा–हल्दिया, जीआर जेट्टी, त्रिवेणी, स्वरूपगंज, कुमारपुर, बलिया और फरक्का में लगाकर निगरानी की जा रही है। फरक्का और जीआर जेट्टी में दो नियंत्रण केन्द्र होंगे। दोनों नियंत्रण स्टेशनों से नदी खण्ड में चलने वाले जलयानों की निगरानी एआईएस (ऑटोमेटिक आइडेन्टिफिकेशन सिस्टम) द्वारा की जाएगी और जलयानों को इसकी सूचना वीएचएफ द्वारा दी जाएगी। इस परियोजना के तहत् 30 जलयान अन्तर्देशीय एआईएस प्रणाली, सॉर्ट रेंज रडार और वीएचएफ से भी सुसज्जित है। जलयान के एआईएस डाटा और ध्वनि संप्रेषण की भी निगरानी करके नियंत्रण स्टेशनों (फरक्का और जीआर जेट्टी) में रिकॉर्ड किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर कभी भी सुना जा सकेगा। जलयानों को वीएचएफ द्वारा नियंत्रण स्टेशन से नियंत्रित किया जा सकता है तथा प्रचालक आवश्यक निदेश जलयानों को दे सकता है।

स्थल स्वीकृति जाँच (एसएटी) कराई गई है। सभी उपकरण चरण–I परियोजना के तहत् लगाए गए हैं तथा ठेकेदार को एसएटी रिपोर्ट के तथ्यों के अनुसार प्रणाली को अद्यतन करने के लिए सूचित कर दिया गया है।

चरण– II : कार्य मेसर्स रेक्ट्रॉनिक डिवाईसेज एण्ड सिस्टम (आरडीएस), पूणे – 411033 को सौंपा गया है। डब्ल्यू.पी.सी. द्वारा एआईएस और वीएचएफ उपकरण के लिए लाईसेंस के आवंटन करने पर मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों के सदस्यों की एक टीम ने आयातित सामग्री के लिए पेरिसकल, बेल्जियम में ओईएम उपकरण के लिए फैक्ट्री स्वीकृति टेस्ट (एफएटी) कराए गए हैं। क्षेत्रीय निदेशक ने देशी सामानों के लिए कोलकाता और मुम्बई में एफएटी कराया है।

चरण– III : कार्य मेसर्स एलकॉम इंटीग्रेटेड सिस्टम प्रा. लि., मुम्बई को सौंपा गया है। एजेंसी ने स्टेशनों के लिए लाईसेंस देने हेतु आवेदन किया है। इसके लिए भूमि भा.अ.ज.प्रा. द्वारा अधिगृहित की गई है।

9.9 मानचित्र प्रकोष्ठ / सेमिनार / प्रशिक्षण :

भा.अ.ज.प्रा., मुख्यालय नोएडा का मानचित्र प्रकोष्ठ भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) और सीएआरआईएस, ईआरडीएएस इमेजिंग, आटो सीएडी, इत्यादि जैसे ईमेज प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर द्वारा डिजिटल चार्ट को तैयार करने के लिए आधुनिक उपकरण और साफ्टवेयर से सुसज्जित है। भा.अ.ज.प्रा. के मानचित्र का जीआईएस, साफ्टवेयर और ईमेज प्रोसेसिंग साफ्टवेयर इत्यादि के प्रयोग करने पर प्रशिक्षित है। मानचित्र प्रकोश्ठ में नए पहचान किए गए 106 जलमार्गों को खोजा गया और निर्देशिका मानचित्र की तैयारी हेतु मानचित्र प्रयोगशाला में आधुनिक कंप्युटर हार्डवेयर और साफ्टवेयर का प्रयोग कर नदी मार्गों को डिजिटलीकृत किया गया।

वर्ष 2015–16 के दौरान सभी जलमार्गों के लिए राश्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर, हैदराबाद के सेटेलाइट डाटा तैयार करके उसको केरिश जीआईएस साफ्टवेयर द्वारा डिजिटल बना दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक चार्ट को तैयार करने के लिए लैंडमार्क, सर्वे ऑफ इंडिया (एसओआई) की स्थलाकृति विशेषता वाले डिजिटल आंकड़े का संग्रह फिल्ड सर्वे डाटा (हाईपैक से) के साथ–साथ एनआरएससी डाटा के साथ किया गया था।

9.10 <u>वर्ष 2015–16 में नक्शा, एटलस और नौचालन उत्पाद की बिक्री</u> :

वर्ष 2015–16 में नक्शा, एटलस और नौचालन उत्पाद की बिक्री से भा.अ.ज.प्रा. के प्रचालकों, उपयोगकर्ताओं, निजी और सरकारी विभाग को अब तक 90,688 रु. की रकम एकत्र हुई है, जिसका विवरण नीचे इस प्रकार है :–

क्र.सं.	नक्शा / एटलस / पायलट	खरीदार का नाम	राशि
1	रा.ज.–1 के लिए डिजिटल नक्शा	मेसर्स आईआईसी टेक्नोलॉजीज, हैदराबाद	2450.00
2	इंडिया मैप इंडेक्स	मेसर्स क्लीन टेक	1000.00
3	रा.ज.–1एटलस	मेसर्स होवे, नई दिल्ली	25000.00
4	रा.ज.–1 पायलट	वही	650.00
5	वही	एच.आर. वेलिंगफोर्ड, मुम्बई	25000.00
6	रा.ज.–1 पायलट	वही	650.00
7	वही	मेसर्स जेप्पीसेन, मुम्बई	18750.00
8	रा.ज.–1 पायलट	वही	488.00
9	रा.ज.–2एटलस	मेसर्स ट्रैक्टीबेल इंजि., गुड़गांव	10000.00
10	सुंदरबन एटलस	मेसर्स विराजक्लीन सी इन्टरप्राईजेज, मुम्बई	6000.00
11	पायलट–सुंदरबन	वही	300.00
12	रा.ज.–3 पायलट	मेसर्स आईएमसी, चेन्नई	400.00
		कुल राशि रु.	**90688.00**

आईएनसीए प्रदर्शनी

<u>आईएनसीए मानचित्र कांग्रेस में भागीदारी</u> : भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण भारतीय राष्ट्रीय कार्टोग्राफिक एसोसिएशन (आईएनसीए) का एक कॉरपोरेट सदस्य है, जिसने 15–17 दिसंबर, 2015 के दौरान जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में आयोजित स्मार्ट सिटी आपदा प्रबंधन सम्मेलन के विकास और नियोजन के लिए विशेष शासन विषय पर आयोजित XXXVवां आईएनसीए इंटरनेशनल कांग्रेस में भाग लिया है। भा.अ.ज.प्रा. ने नक्शों और चार्टों की कुछ प्रदर्शनियों में भी भाग लिया है। सम्मेलन के दौरान भा.अ.ज.प्रा. को आवंटित दूकान में नक्शा, नौचालन चार्ट, नदी मानचित्र और नदी सूचना प्रणाली प्रदर्शित किए गए।

